**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 30.10.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर एक नवंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों और प्रमुख नगरों में दीप प्रज्जवलन किया जाएगा।**
- **रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के तहत नाम वापसी के आज अंतिम दिन के बाद कुल तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।**
- **एम्स रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को ड्रोन के जरिये पहुंचाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया।**
- **दीवाली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।**

## राज्य स्थापना दिवस

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों और प्रमुख नगरों में दीप प्रज्जवलन किया जाएगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने जिला कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि नागरिकों से अपने घरों में राज्य स्थापना दिवस को ध्यान में रखते हुए दीप प्रज्जवलन करने के लिए अपील करना सुनिश्चित करें। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में राज्योत्सव के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी निर्देश जारी किया है। इन कार्यक्रमों में हर जिले में मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे, जिसकी सूची सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दी है। रायपुर में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर उन्हें राज्योत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह समापन और अलंकरण समारोह नया रायपुर अटल नगर में छह नवंबर को आयोजित किया जाएगा। राजधानी के नवा रायपुर में चार से छह नवंबर तक आयोजित होने वाले राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीआरटीएस बसों का संचालन किया जाएगा। ये बसें रायपुर से सुबह ग्यारह बजे से रात नौ बजे तक हर आधे घंटे के अंतराल में चलेंगी।

## उपचुनाव–नाम वापसी

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के तहत नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन था। आज एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लिया। इसके बाद अब कुल तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए रायपुर के उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमा शंकर बंदे ने बताया कि नाम वापसी के साथ ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर तेरह नवंबर को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी ने सुनील सोनी को मैदान में उतारा है, तो वहीं कांग्रेस ने आकाश शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर तेरह से बीस नवंबर तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित कर दिया है।

## एम्स रायपुर–ड्रोन सुविधा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल देश में ड्रोन स्वास्थ्य आउटरीच सेवा का शुभारंभ किया। यह सेवा जिन स्वास्थ्य संस्थानों में शुरू की गई है, उनमें रायपुर का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने इस सेवा का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर एम्स रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रतीकात्मक रिमोट बटन दबाकर इस सेवा को शुरू किया।

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक और सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि यह ड्रोन सेवा प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में पांच माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले इन सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

## स्पेशल ट्रेन

दीवाली और छठ पर्व के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इनमें सनतनगर और रायपुर के बीच तीन फेरे के लिए दीपावली और छठ पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। यह ट्रेन सनतनगर से रायपुर के लिए इकतीस अक्टूबर और सात तथा चौदह नवंबर को रवाना होगी। वहीं, रायपुर से सनतनगर के लिए यह ट्रेन एक, आठ और पंद्रह नवंबर को चलेगी। इस ट्रेन का स्टॉपेज नागपुर, गोंदिया, राजनांदगांव और दुर्ग में भी दिया गया है।

बिलासपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच एक फेरे के लिए दीवाली स्पेशल ट्रेन की सुविधा यात्रियों को दी गई। इसके तहत कल और आज स्पेशल ट्रेन चलाई गई। वहीं, दुर्ग और पटना के बीच अट्ठाईस और उनतीस अक्टूबर को एक फेरे के लिए दीवाली स्पेशल ट्रेन की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध कराई गई। रायपुर मंडल के एडीआरएम बजरंग अग्रवाल ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों के स्टॉपेज के समय को बढ़ाया गया है। दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर रेलवे स्टेशनों में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ लगाए गए हैं। इस बीच, रेलवे द्वारा लोगों को यात्रा के दौरान ज्वलनशील प्रदार्थ और विस्फोटक सामग्री नहीं ले जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ऐसी सामग्री लेकर यात्रा करना दंडनीय अपराध के दायरे में आता है, जिसके लिए कानून में कड़ी सजा का प्रावधान है।

## नगरनार स्टील प्लांट–उपलब्धि

बस्तर स्थित नगरनार स्टील प्लांट ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब यह प्लांट दो मिलियन टन के उत्पादन लक्ष्य को पार कर चुका है। इस उपलब्धि पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने नगरनार स्टील प्लांट के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

## हादसा

धमतरी जिले के बेलरगांव में तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई है। इनमें दो सगी बहनें भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ये बच्चियां तालाब में नहाने के लिए गई थी, इसी दौरान नहाते समय एक बच्ची डूबने लगी, जिसे बचाने के दौरान दो और बच्चियां भी उसके साथ डूब गईं। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर सिहावा पुलिस ने शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए नगरी शासकीय अस्पताल भेज दिया। बच्चियों की मौत के बाद गांव में शोक की लहर है। इधर, मोहला–मानपुर जिले के अड़जाल गांव और राष्ट्रीय राजमार्ग में माल्हर मोड़ के पास हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई।

## नरक चौदस

आज छोटी दीपावली है। इसे रूप चौदस और नरक चौदस के नाम से भी जाना जाता है। परंपरा के अनुसार रूप चौदस पर घरों के आंगन और बाहर रंगोली सजाकर चौदह दीये जलाए जाते हैं। रौशनी के इस त्यौहार पर प्रतिष्ठानों और घरों में बिजली की झालरों से आकर्षक सजावट की गई है। साथ ही घरों के बाहर सुंदर रंगोली भी दिखाई पड़ रही है। कल दीपों का पर्व दीपावली मनाया जाएगा। दीपावली को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी शहरों और कस्बों के बाजारों में काफी चहल–पहल और रौनक देखी जा रही है। राज्यपाल रमेन डेका ने दीपों के पंच पर्व धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व के लिए देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को नरक चतुर्दशी और छोटी दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

**संक्षिप्त समाचार—**

— राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उच्च वेतनमान देने का फैसला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने नब्बे से ज्यादा अधिकारियों की सूची जारी की है, जिन्हें उच्च श्रेणी वेतनमान दिया जाएगा।

— कोरबा जिले के दीपका स्थित प्लांट में कर्मचारियों ने बोनस की मांग को लेकर आज से काम बंद हड़ताल शुरू कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>